आकाशवाणी
**क्षेत्रीय समाचार**
**देहरादून उत्तराखण्ड)**
**मंगलवार 29.07.2025**
**समय 1830**

**मुख्य समाचार :—**

- केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में बताया— जम्मू—कश्मीर के श्रीनगर ज़िले में ऑपरेशन महादेव के अंतर्गत पहलगाम हमले में शामिल तीन आतंकवादी मारे गए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में 26 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से बने केंद्रीय विद्यालय का लोकार्पण किया।
- मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने प्रदेश के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।
- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की 31 जुलाई को होने वाली मतगणना की तैयारियां शुरु। रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले में मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया।

गृह मंत्री/ऑपरेशन सिंदूर

ऑपरेशन सिंदूर पर लोकसभा में विशेष चर्चा आज फिर से शुरू हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कल ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू—कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारा गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प के साथ जवाबी कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा किया। श्री शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आतंकवादियों का सफाया किया।

श्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सात मई को शुरू किया गया और रात एक बजकर चार मिनट से एक बजकर चौबीस मिनट के बीच इसे संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया और 100 से ज्यादा आतंकवादी मारे गए। श्री शाह ने जानकारी दी

कि कार्रवाई पाकिस्तान की सीमा के एक सौ किलोमीटर अंदर तक की गई और इस हमले में कोई भी पाकिस्तानी नागरिक नहीं मारा गया। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाती है। श्री शाह ने विपक्ष पर इस मुद्दे पर राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया।

## मुख्यमंत्री लोकार्पण

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर के खटीमा में अखिल भारतीय शिक्षा समागम के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में 26 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से बने केंद्रीय विद्यालय का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से यहां के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी और उनके समग्र विकास में यह विद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वर्ष 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य है। जिसके अंतर्गत सरकार ने राज्य के 5 हजार 600 से अधिक आंगनबाड़ी केन्द्रों में बालवाटिका कक्षाओं की शुरुआत कर एक महत्वपूर्ण और दूरगामी शैक्षणिक पहल की है।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने आज सचिवालय में प्रदेश के महत्त्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ प्रबन्धन आदि को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार के मनसा देवी में श्रद्धालुओं में हुई भगदड़ जैसी घटनाओं पर काबू पाने के लिए प्रदेश के ऐसे सभी धार्मिक स्थलों को चिन्हित कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जहां महत्त्वपूर्ण दिवसों में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ के कारण भगदड़ जैसी घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों के मार्गों पर सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमण मुक्त कर मार्गों का चौड़ीकरण कराया जाए। मुख्य सचिव ने श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन करने के लिए तकनीक का उपयोग करते हुए भीड़ प्रबंधन तंत्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिक महत्वपूर्ण मंदिरों को प्राथमिकता पर लेते हुए पहले चरण में मनसा देवी, चण्डी देवी, नीलकंठ, कैंचीधाम और पूर्णागिरि मंदिर का विशेषज्ञों के माध्यम से विश्लेषण कराया जाए। साथ ही स्थानीय प्रशासन और धार्मिक स्थलों के हितधारकों को विशेषज्ञों की टीम को हर प्रकार की सहायता करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों की ये टीम मंदिर क्षेत्र का विश्लेषण कर भीड़ प्रबंधन, निकासी योजना और बॉटल नेक एरिया के लिए सिविल इंजीनियरिंग और तकनीकी पहलुओं का परीक्षण करेगी। साथ ही विभिन्न जगहों पर रुकने के स्थान आदि के लिए एक उचित योजना और एसओपी तैयार करेगी।

मतगणना प्रशिक्षण

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आगामी 31 जुलाई को होने वाली मतगणना की तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। इस कड़ी में रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि विकासखंड सभागार में आज प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि 470 मतगणना कार्मिकों को दो पालियों में चुनाव संबंधी दिशा–निर्देशों, मतगणना प्रक्रिया, गोपनीयता और निष्पक्षता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

उधर, टिहरी जिले में भी मतगणना को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। आज 2 हजार 200 से अधिक कर्मचारियों को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया।

**सीसीटीवी पिथौरागढ़**

पिथौरागढ़ नगर निगम की ओर से अराजक तत्वों पर नजर रखने के लिए शहर भर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। पहले चरण में नगर के 10 प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। मेयर कल्पना देवलाल ने बताया कि जल्द ही नगर के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नगर निगम कार्यालय में इसका कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से नगर की तमाम गतिविधियों के साथ अराजक तत्वों पर भी नजर रखी जा रही है।

**राज्यपाल**

कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड–2025 में भाग लेने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना– एनएसएस के स्वयं सेवकों ने आज राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. सुनैना रावत ने बताया कि गणतंत्र दिवस शिविर के लिए उत्तराखण्ड से 16 स्वयंसेवकों का चयन हुआ था। इनमें से 5 श्रेष्ठ स्वयंसेवकों ने 1 से 31 जनवरी तक दिल्ली शिविर में उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व किया और 26 जनवरी को कर्तव्य पथ पर आयोजित गौरवशाली परेड में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह विशेष शिविर न केवल स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस परेड में भागीदारी का गौरव देता है, बल्कि उन्हें विविधताओं से भरे इस महान देश के अन्य हिस्सों के युवाओं से

संवाद, सांस्कृतिक आदान–प्रदान और राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बंधने का अवसर भी प्रदान करता है। राज्यपाल ने कहा कि एनएसएस द्वारा ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत 28 हजार से अधिक वृक्षारोपण, स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय भागीदारी, रक्तदान शिविरों का संचालन, ये सभी गतिविधियाँ सराहनीय ही नहीं, बल्कि प्रेरणादायक हैं।